11 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 5/11/2025 10:07 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री


न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 मई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


7 कोयला उठाव नहीं होने से केतकी माइंस में उत्पादन कार्य हो रहा प्रभावित








### 14 तक गरज-चमक के साथ तेज आंधी चलने का अलर्ट

# बादलों की आवाजाही के बीच अब पड़ेगी प्रचंड गर्मी, बढ़ेगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी पछुआ विक्षोभ का असर समाप्त नहीं हुआ है। अभी भी देश के विभिन्न क्षेत्रों में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका सक्रिय है। इधर दक्षिण-पश्चिम मानसून तीव्र गति से अग्रसर होने के कारण मानसून पूर्व की गतिविधियां भी शुरू हो गई है।

**खास बात**

- विक्षोभ के साथ ही सक्रिय है विविध मौसमी घटक



बारिश से तरबतर सड़क।

विभिन्न राज्यों में सक्रिय मानसून घटकों के बीच पश्चिम की गर्म हवा के थपेड़े शुरू हो गए हैं ऐसे में आने वाले समय में लोगों को दोपहर तक भीषण गर्मी एवं शाम में तेज रफ्तार अंधड़ के साथ बेमौसम बारिश का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने इस संबंध में अलर्ट भी जारी किया है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से भारत की ओर अग्रसर है तथा मौसम विज्ञानियों ने अण्डमान सागर में एवं केरल तट पर 27 मई को दस्तक देने की संभावना जताई है। पिछले साल भी केरल तट पर मानसून ने दस्तक 29 मई को दे दी थी लेकिन सरगुजा तक पहुंचने में काफी विलम्ब हुआ था। मंगलवार से जेठ का महीना शुरू होगा। उत्तर भारत में जेठ की दोपहरी को प्रचंड गर्मी के लिए जाना जाता है। मानसून के अग्रसर होने के कारण इस अवधि में न केवल भारत बल्कि विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में वायुमण्डलीय बदलाव आता है। कहीं हाई प्रेशर निर्मित होता है तो कहीं लो-प्रेशर। प्रचण्ड गर्मी के कारण सतह की हवा गर्म होकर ऊपर उठती है तथा लो-प्रेशर बनता है। लो प्रेशर की खाली जगह को भरने हाई प्रेशर की नमी युक्त हवाएं पहुंचती हैं जिससे चक्रवाती परिसंचरण बनता है। प्रचंड गर्मी से स्थानीय प्रभाव से भी चक्रवाती परिसंचरण बनता है जिससे अंधड़ एवं गरज-चमक के साथ बारिश होती है। वायुमंडल में आए इस तरह के बदलाव मानसून को गति देने में सहायक होते है। इस दौरान उत्तर भारत में तेज अंधड़ पूर्वी भारत में काल वैशाखी एवं दक्षिण भारत में आग्र वर्षा एवं एपल शावर की स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान प्रचण्ड गर्मी के कारण गरजने वाले बादल एवं चक्रवाती परिसंचरण स्थानीय उष्ण लहर के प्रभाव से कम दबाव का क्षेत्र बनाना शुरू कर दिया है। इस दौरान हिंद महासागर एवं खाड़ी में सक्रिय उच्च दबाव की हवाएं पूरे भारत को प्रभावित करती है। वर्तमान में उत्तर पूर्व राजस्थान, कच्छ एवं सौराष्ट्र, उत्तर पूर्व आसाम एवं आसपास के क्षेत्रों, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी एवं इससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर रूपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है वहीं पूर्व मध्य अरब सागर एवं सौराष्ट्र, मराठावाड़ा से मन्नार की खाड़ी, पूर्व उत्तर प्रदेश से दक्षिण पूर्व तेलंगाना तक अलग-अलग द्रोणिका विस्तारित है। मौसम विभाग ने मौसमी घटकों के प्रभाव से 10 मई से 14 मई तक मध्यप्रदेश, विदर्भ एवं छत्तीसगढ़ में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने एवं कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

## पड़ेगी प्रचण्ड गर्मी

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से हुई बेमौसम बारिश से गर्मी से राहत थी तथा अधिकतम तापमान 34 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। हालांकि अभी भी बेमौसम बारिश, बूंदाबादी एवं तेज रफ्तार आंधी जारी है। सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार तीन दिनों तक तेज रफ्तार आंधी से भारी क्षति हुई है। शनिवार को देर रात सूरजपुर में गरज-चमक के साथ मूसलाधार वर्षा हुई वहीं अम्बिकापुर में तेज हवा के साथ बूंदाबादी हुई। पिछले पांच दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञानी अब प्रचण्ड गर्मी पड़ने तापमान के ऊपरी स्तर पर पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा 6 मई को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.5 एवं 19.9 डिग्री, 7 मई को 37.4 एवं 24.3 डिग्री, 9 मई को 36.0 एवं 21.9 डिग्री, 10 मई को 37.9 एवं 22.4 डिग्री वहीं रविवार को 38.2 एवं 23.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। भविष्य में तापमान में तेज वृद्धि होने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### रहेगी बादलों की आवाजाही

मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट के अनुसार पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रभाव से दोपहर तक प्रचण्ड गर्मी पड़ेगी वहीं शाम में आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ कहीं-कहीं तेज रफ्तार हवाएं चलेंगी। बादलों की आवाजाही कम होने पर प्रचंड गर्मी पड़ने के साथ तापमान में वृद्धि होगी। इस दौरान तापमान के उच्च स्तर पर पहुंचने की संभावना है। इसी महीने नवतपा की भीषण गर्मी से भी सामना होगा। मई के महीने में हर साल ऐसी स्थिति निर्मित होती है। इस दौरान तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस के ऊपरी स्तर पर पहुंच जाता है।

### मानसून को मिलती है गति

मई महीने में तेज वायुमंडलीय बदलाव आता है साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में उच्च दबाव एवं न्यून दबाव का क्षेत्र बनता है। इस बदलाव से मानसून के अग्रसर होने की अनुकूल स्थिति निर्मित होती है। साथ ही मानसून को गति मिलती है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी

# ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के नाम पर 83 लाख रूपए से अधिक का गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में कोरोना काल के दौरान आपदा में अवसर निकालते हुए ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना कराने के बाद फर्जी कंपनी को भुगतान कर 83 लाख रूपए से अधिक के गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने कंपनी की शिकायत पर जांच उपरान्त तत्कालीन सीएमएचओ, फर्जी कंपनी संचालक समेत अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बड़ी बात यह है कि ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने वाली कंपनी के फर्म से मिलती जुलती फर्म के नाम पर इतनी बड़ी राशि का भुगतान कर घोटाला किया गया है। पुलिस द्वारा अब मामले की जांच की जा रही है। वहीं मामला सामने आने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

- प्लांट स्थापित करने वाली कम्पनी के बदले फर्जी फर्म को भुगतान, पूर्व सीएमएचओ समेत 5 के खिलाफ अपराध दर्ज

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर पंडरी स्थित युनिक इंडिया कंपनी के संचालक जयंती चौधरी द्वारा आईजी से शिकायत की गई थी कि उसके द्वारा वर्ष 2021 में उसके द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी लेकिन प्लांट स्थापित होने के बाद भुगतान के लिए तत्कालीन अधिकारियों द्वारा दौड़ाया गया। बाद में जानकारी दी गई कि कंपनी के नाम पर भुगतान हो गया है लेकिन राशि उसे नहीं मिली। अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर राशि उसकी कंपनी से मिलते जुलते फर्जी फर्म को जारी की गई। आईजी के निर्देश पर सूरजपुर पुलिस द्वारा शिकायत की जांच की गई। जांच में यह बात सामने आई कि सूरजपुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा गेम पोर्टल के माध्यम से ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना के लिए टेंडर निकाला गया था। इस दौरान रायपुर पंडरी के प्रज्ञा कॉम्प्लेक्स स्थित युनिक इण्डिया कंपनी के संचालक जयंत चौधरी को 83 लाख 21 हजार रूपए में प्लांट की स्थापना का 13 सितम्बर 2021 को टेंडर मिला था। टेंडर मिलने के बाद जयंत चौधरी की कम्पनी द्वारा बताए गए स्थान पर संयंत्र की स्थापना की गई और उसके बाद भुगतान के लिए संपर्क किया गया तो सीएमएचओ आरएस सिंह व अन्य अधिकारियों द्वारा टाल मटोल किया जा रहा था जिससे परेशान होकर उसने अनुबंध निरस्त करने का भी आवेदन किया गया था लेकिन इस दौरान पता चला कि अनुबंध पूर्ण हो चुका है और सम्पूर्ण राशि का भुगतान भी कर दिया गया है। जब आवेदक ने इसकी जानकारी निकाली तो पता चला कि युनिक इंडिया कंपनी दंतेवाड़ा बचेली के आरईएस कालोनी के नाम पर 83 लाख 21 हजार रूपए का भुगतान किया गया है जबकि उक्त कंपनी उसकी नहीं है। ऐसे में उसने इस मामले की शिकायत सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह से की थी लेकिन उन्होंने शिकायतकर्ता की कोई बात नहीं सुनी और लगातार वह वर्षों से कार्यालय के चक्कर लगाता रहा। इस बीच सीएमएचओ के रूप में कपिल देव पैकरा की ⏭ शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### कनहर नदी से झारखंड के लोग कर रहे अवैध रेत उत्खनन, कार्रवाई

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम लिबरा कनहर नदी से कई दिनों से लगातार झारखंड के लोगों द्वारा अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया परंतु अवैध रेत उत्खनन नहीं रूका। शनिवार की शाम ग्रामीणों ने नदी में जाकर विरोध करने लगे तभी सनावल थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडे सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त होने वाले तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर गया था अग्रिम कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जाएगी। जानकारी के अनुसार ग्राम लिबरा के कनहर नदी में झारखंड से आने वाले ट्रैक्टर द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर झारखंड ले जाया जा रहा था। जिसका क्षेत्र के लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा था ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से ट्रैक्टर से अवैध रूप से रेत झारखंड ले जाया जा रहा था जिसका हम लोगों ने विरोध भी किया था परंतु ट्रैक्टर से लगातार झारखंड में रेत का जाना रुक नहीं रहा था। शनिवार की शाम इसका विरोध किया गया विरोध की सूचना पर तत्काल मौके पर थाना प्रभारी दिव्या कांत पांडे पुलिस बल के साथ पहुंचे एवं अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सनवाल थाना लाया गया थाना प्रभारी ने बताया की अग्रिम कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

### गैरेज में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** तातापानी चौकी पुलिस के अनुसार ग्राम धनगांव निवासी 22 वर्षीय नूरताज अंसारी आ. जन्नत अंसारी की मोटर साइकिल गैरेज की दूकान है। 10 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के एस्बेस्टस शीट को उखाड़कर दुकान में रखा एक नग टायर, तीन नग मोबिल आयल, व अन्य सामान पार कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तातापानी निवासी 21 वर्षीय अभिषेक पन्ना उर्फ गुटखा आ. विश्वनाथ पन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 305 (क), 331(4) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पार्षद की शिकायत पर सक्रिय हुआ वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से सटे चोरका कछार संरक्षित जंगल में अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाने एवं सौ रूपए के स्टाम्प पर 2 एकड़ से अधिक वनभूमि बेचने की शिकायत पर वन अमला सक्रिय हो गया है। भाजपा पार्षद आलोक दुबे की शिकायत पर वनकर्मियों ने अतिक्रमणकारियों एवं स्टाम्प पर वनभूमि खरीदने वाले लोगों के घर नोटिस चस्पा कर 19 मई तक भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

- अतिक्रमण करने वाले 34 लोगों के घरों पर चस्पा किया नोटिस



जांच करते वन अधिकारी, इनसेट में नोटिस चस्पा करता वनकर्मी।

नोटिस अम्बिकापुर वन परिक्षेत्राधिकारी द्वारा जारी किया गया है। भाजपा पार्षद आलोक दुबे शहर से सटे चोरकाकछार संरक्षित जंगल के कक्ष क्रमांक 2581 की भूमि पर तीन दर्जन लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण करने एवं कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा 1.5 लाख रूपए प्रति डिसमिल की दर से वनभूमि को 100 रूपए के स्टाम्प पर बेचने की शिकायत कलेक्टर एवं मुख्य वन संरक्षक से की थी। मुख्य वन संरक्षक ने मामले में रेंजर को जांच कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए थे। संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण से अनजान रेंजर मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर सक्रिय हुए एवं शनिवार को आनन-फानन में अतिक्रमणकारियों के घरों में नोटिस चस्पा किया गया। वन अमले के सक्रिय होने पर वनभूमि का विक्रय करने वाले लोग लापता हो गए हैं वहीं विभाग की नोटिस से परेशान क्रेता सरगर्मी से उन्हें ढूंढ रहे हैं। स्टाम्प पर वनभूमि खरीदकर मकान वाले लोगों का कहना है कि विक्रेताओं ने जल्द भूमि का अधिकार पत्र बनवाने का भरोसा दिया था तथा नोटिस मिलने के बाद गायब हो गए हैं। जमीन खरीदने वाले लोग विभाग की सख्ती से परेशान हैं तथा उन्हें बेदखली का भय सता रहा है। इधर पार्षद श्री दुबे ने संरक्षित वन क्षेत्र की भूमि पर रेंजर एवं डिप्टी रेंजर के संरक्षण में अवैध अतिक्रमण होने एवं वन अमले द्वारा मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से नहीं करने का आरोप लगाया है तथा मामले में वनपाल से लेकर रेंजर तक की भूमिका की जांच करने की मांग की है। शनिवार को वनकर्मियों ने वन भूमि पर अतिक्रमण कर घर बनाने वाले 34 लोगों के घरों पर 19 मई तक भूमि से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने संबंधी नोटिस चस्पा किया है।

# बैकुंठपुर के समीप सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के ऑफिसर्स टूए कॉलोनी वार्ड नंबर नौ निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी मृत्युंजय प्रसाद के 33 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार व कार चला रहा दोस्त 25 वर्षीय युवक सुशांत सोनी निवासी चिरमिरी की बीती रात बैकुंठपुर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई गई है।

- युवा व्यवसाई की असामयिक मौत से बिश्रामपुर नगर में शोक का माहौल
- शनिवार की देर रात को घासी चौक क़े पास महिंद्रा स्कार्पियो व मारुती आल्टो की आमने सामने हुई जबरदस्त भिड़त



दुर्घटनाग्रस्त वाहन, इनसेट में मृतक।

घटना मध्यरात्रि में बैकुंठपुर से पहले घासी चौक के पास हुई जहां सामने से आ रही महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन और मारुती ऑल्टो कार की आमने सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में ऑल्टो कार सवार युवक सुशांत सोनी और आशुतोष कुमार की मौत हो गई।आशुतोष के परिजनों के मुताबिक आशुतोष व सुशांत दोनों आपस में घनिष्ठ मित्र थे।घटना से एक दिन पहले ही अपने ऑल्टो कार से सुशांत सोनी दोस्त आशुतोष से मिलने बिश्रामपुर आया हूआ था,शनिवार की रात दोनों ऑल्टो कार में सवार होकर चिरमिरी के लिए निकले थे इसी दौरान हादसा हो गया।घटना के बाद बैकुंठपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।रविवार को दोनों मृतकों का गमगीन माहौल में उनके गृहग्राम स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बैकुंठपुर पुलिस मामले में अपराध दर्ज करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर लिया है। मृतक आशुतोष नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड नंबर नौ के पार्षद अमरेश प्रसाद का भतीजा है, वह वर्तमान में सूरजपुर से पहले तिलसिंवा चौक के पास श्रेष्ठ कंस्ट्रक्शन के नाम से हार्डवेयर दुकान का संचालन करता था।

# पहाड़ी कोरवा की जमीन हथियाने वाले भूमाफिया के भाई समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हथियाने और उसे प्रताड़ति कर आत्म हत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस लगातार भूमाफियाओं पर शिकंजा कस रही है। पुलिस ने अब इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में तीन आरोपियों को पकडकर जेल भेजा गया था। पकड़े गए आरोपियों में एक पटवारी भी शामिल है। इस हिसाब से अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि मुख्य आरोपी व उप पंजीयक अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों ने ग्रामीण की जमीन को 14 लाख रूपए में सौदाकार फर्जी तरीके से खरीद लिया था।

- आरोपियों ने ही कराया था राशि ट्रांसफर, फरार आरोपियों की तलाश जारी



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।


बता दें कि राजपुर थाना अंतर्गत बारियों चौकी के ग्राम भेस्की निवासी भईरा राम पहाड़ी कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। ग्रामीण अपने परिवार के जमीन के कब्जे से और मारपीट, धमकियों से प्रताड़ति हो गया था। इस मामले में मृतक के पुत्र संतलाल पहाड़ी कोरवा ने बारियों चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। संतलाल में पुलिस को बताया था कि ग्राम भेस्की में खसरा नम्बर 210, 215, 213/2, 240/10, 245, 241/1, कुल रकबा 2.468 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उक्त भूमि पर राजपुर के ग्राम नवकि निवासी 19 वर्षीय शिवाराम आ. स्व. इश्वर राम नगेसिया, राजपुर निवासी विनोद अग्रवाल उर्फ मघु आ. जग्गू अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल आ. जग्गू अग्रवाल, महेंद्र कुमार गुप्ता आ. नथुनी साव परसागुड़ी निवासी उदय शर्मा आ. राम प्रवेश शर्मा, पटवारी हल्का नम्बर 26 राहुल सिंह और उप पंजीयक यशवंत कुमार द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसकी जमीन कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही मृतक भईरा राम को प्रताड़ति किया जा रहा था। आरोपी भूमाफिया विनोद अग्रवाल उर्फ मघु अग्रवाल और उसके भाई प्रवीण अग्रवाल ने शिवा राम के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री 14 लाख रूपए में फर्जी तरीके से कराई। इस दौरान सह खातेदारों की अनुमति नहीं ली गई जबकि मृतक और उसके परिवार के सदस्य विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के सदस्य है और उनकी भूमि को बिना किसी सक्षम अधिकारी कलेक्टर, एसडीएम की अनुमति के बिना बेचा नहीं जा सकता है। इसके बाद भी बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना हल्का पटवारी द्वारा बिक्री चौहद्दी नक्षा बी-1 दिय गया और उप पंजीयक द्वारा बी बिना बिक्री अनुमति आदेश के ही पहाड़ी कोरवा की जमीन की रजिस्ट्री करा दी गई। आरोपियों विनोद अग्रवाल उर्फ मघु और उसके भाई प्रवीण अग्रवाल द्वारा 14 लाख रूपए का चेक बैंक ऑफ बडौदा शाखा अंबिकापुर के माध्यम से मूल्य चुकता होना बताया गया और आरोपी शिवा राम के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। इस पूरी धोखा धड़ी के दौरान विनोद अग्रवाल उर्फ मघु और प्रवीण अग्रवाल के कहने पर भूमि दलाल महेंद्र कुमार गुप्ता, उदय शर्मा द्वारा पटवारी से सांठगांठ की गई और जुवारो बाई की संयुक्त खाते की भूमि का चौहदी बनवाकर अन्य सह खातेदार की बिना सहमती के रजिस्ट्री कराई गई। इस रजिस्ट्री में महेंद्र गुप्ता और उदय शर्मा गवाह बने। इस मामले की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

## भाई ने कराई थी रकम आरटीजीएस

पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन हथियाने और आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के मामले को एसपी वैभव बैंकर ने गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी के निर्देशन में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। इस प्रकरण में पुलिस द्वारा पूर्व में शिवा राम नगेशिया आ. स्व. इश्वर नगेसिया, उदय शर्मा उर्फ राम प्रवेश शर्मा और दलाल कमला पति प्रेमसाय को गिरफ्तार किया था जबकि जांच के दौरान यह बात सामने आई कि शिवा राम को प्रियंका ट्रेडर्स से आरटीजीएस कराया गया था। पुलिस ने प्रियंका ट्रेडर्स के संचालक अमित गुप्ता से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए विनोद अग्रवाल और प्रवीण अग्रवाल के बड़े भाई महेंद्र अग्रवाल के कहने पर पैसा ट्रांसफर करने की जानकारी दी। पुलिस ने महेंद्र अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसके साथ ही पटवारी रजाउल हसन की भूमिका सामने आई। पुलिस ने मामले में आरोपी पिंड्रा निवासी 34 वर्षीय अमित कुमार गुप्ता आ. विजय प्रसाद गुप्ता, मघु अग्रवाल के भाई राजपुर निवासी 52 वर्षीय महेंद्र अग्रवाल आ. जोगी अग्रवाल व पटवारी 38 वर्षीय रजाउल हसन आ. स्व. नबी रसूल को गिरफ्तार किया है।


MARK OF EXCELLENCE

अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा वर्ल्ड-क्लास यूरोलॉजी एवं किडनी केयर



यूरोलॉजी एवं यूरोसर्जरी

- यूरेथर की पथरी का बिना चीरे या छोटे से चीरे द्वारा दूरबीन से ईलाज।
- आधुनिक दूरबीन द्वारा छोटे से चीरे से गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL)
- लेजर मशीन द्वारा किडनी की पथरी का ईलाज (RIRS)
- प्रोस्टेट ग्रंथी का दूरबीन से ऑपरेशन (TURP)
- पेशाब नली की सिकुड़न का ईलाज।
- किडनी, पेशाब नली, पेशाब थैली के कैंसर का ईलाज।

नेफ्रोलॉजी सेवाएं

- डायलिसिस की सुविधा
- किडनी फेल मरीजों का ईलाज।
- CAPD की सुविधा
- प्लास्मा फेरेसिस
- किडनी बायोप्सी
- एवी फिस्टुला
- बच्चों के किडनी संबंधित रोगो का ईलाज
- किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह



MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com Email: Info@markhospital.com
Emergency: +91 89620 32472 Other Appointment: +91 91099 69722
Urology & Nephrology Appointment: +91 78800 95058
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
24x7 SERVICES: CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
AdPRAYAS

11 May-Ambikapur-FULL-pg-2_Layout 1 5/11/2025 9:43 PM Page 1



# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...



























# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...




















हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
निलेश सोनी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
महेश नायर
ठेकेदार, लखनपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
कामेन्द्र राजवाड़े
भाजपा युवा नेता
लखनपुर, सरगुजा (छ.ग.)


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्यामलाल जायसवाल
राष्ट्रीय कर्मचारी अध्यक्ष
भारतीय कल्चुरी जायसवाल
समवर्गीय महासभा
अजय जायसवाल
अध्यक्ष
जायसवाल युवा मंच


हरिभूमि
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
अनिल कुमार गुप्ता
गैलेक्सी क्लब सदस्य, पलक इंश्योरेंस सर्विसेस
भारतीय जीवन बीमा दरिमा, 9827455220


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सुजीत सिंह
महामंत्री, अखिल भारतीय मजदूर
संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ
कम्पनी संचालक समिति सदस्य, SECL बिलासपुर


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
रचित मिश्रा
प्रदेश सचिव
आजाद सेवा संघ छ.ग.


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
शशिकला सिंह
अध्यक्ष
कामेश्वर राजवाड़े
उपाध्यक्ष
विक्रम सिंह
ज.प. अध्यक्ष प्रतिनिधि
जनपद पंचायत लखनपुर, सरगुजा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
हरि गुप्ता
जिला महामंत्री, OBC मोर्चा सरगुजा
बतौली जिला - सरगुजा


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्री राम फर्नीचर & इलेक्ट्रानिक्स
चर्च रोड केदारपुर, अम्बिकापुर
9826204186,8889576205


हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
अमित गुप्ता
भाजपा युवा नेता (छ.ग.)

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 मई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज




## खबर संक्षेप



### कन्या महाविद्यालय में हुई आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक

**सूरजपुर।** कन्या महाविद्यालय में आज आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की द्वितीय बैठक प्राचार्य बृजलाल साहू की अध्यक्षता एवं सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक संदीप कुमार सोनी ने स्वागत उदबोधन के साथ पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से कन्या महाविद्यालय के बारे में बताया एवं नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों को सभी सदस्यों के साथ साझा किया। बैठक में पांच एजेण्डा पर चर्चा हुई जो कि महाविद्यालय में बेस्ट प्रैक्टिस के चयन, भूतपूर्व छात्र सम्मेलन एवं संघ गठन, क्लीन कैम्पस. ग्रीन कैम्पस और प्लास्टिक मुक्त कैम्पस के साथ पौधरोपण अभियान एवं कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस हेतु सेमिनार एवं वेबिनार कांफ्रेंस आयोजन करने हेतु चर्चा हुई । सभी सदस्यों ने एजेण्डा के क्रियान्वयन हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही महाविद्यालय की गुणवत्ता को बढाने हेतु अपने सुझाव रखे। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. अजय मरकाम, जिला उद्योग केन्द्र के सहायक संचालक अवधेश कुशवाहा, ग्लोबल पब्लिक स्कूल के संचालक केपी शर्मा, अधिवक्ता जाहिद सिद्दीकी, एलुमनी रंजना सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक स अन्य उपस्थिति रहे। बैठक का संचालन डॉ धनन्जय पाण्डेय ने किया।

### सुबह होते ही महुआ बीनने जुट जाते हैं गांव के लोग

# वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों के आमदनी का जरिया बना महुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए जंगल किसी वरदान से कम नहीं। हरे भरे पेड़ों से जहां पर्यावरण अच्छा होता है वहीं जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे के फल ग्रामीणों के लिए आय का जरिया है। जिसमें महुआ भी शामिल है। गर्मी के दिनों में होने वाले महुआ को बीनने इन दिनों ग्रामीण परिवार के साथ निकल जाते है। परंतु हाल ही में क्षेत्र में हाथी, भालू की धमक के बाद से अब ग्रामीणों को जंगली जानवरों का भय भी सताने लगा है। ऐसे में ग्रामीण पहले की अपेक्षा कम ही जंगल की ओर जाना पसंद करते है जिससे उनकी आय पर भी इसका असर पड़ा है। हालांकि वन विभाग ग्रामीणों को सतर्क कर देते है इससे ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है।

**खास बात**

- महुआ बेच करते है अपनी जरूरत पूरी

सूरजपुर के अलावा बलरामपुर जिले के वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण इन दिनों सुबह से ही अपने पूरे परिवार के साथ महुआ बीनने निकल जाते हैं। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं एवं युवा सभी मिलकर महुआ बीनते हैं। जिले में महुआ पेड़ की संख्या अधिक होने के कारण लगभग हर गांव से हर परिवार के लोग जंगल व जंगल के आसपास स्थित पेड़ के नीचे गिरे महुआ को बीनते आसानी से नजर आ जाएंगे। ऐसे में गांव में महुआ जीविकोपार्जन का प्रमुख जरिया है बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग महुआ को बेचकर अपनी घर की छोटी मोटी जरूरतों को पूरा करते हैं। इस तरह महुआ ने वनांचल क्षेत्रों में ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी बिखेर दी है। हालांकि अप्रैल माह में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण महुआ पर इसका असर पड़ा है और ओलावृष्टि के कारण महुआ पेड़ से गिर खराब हो गए थे परंतु जिस तरह से गर्मी पड़ रही है उससे महुआ गिरने से एक बार फिर ग्रामीणों की भीड़ पेड़ के नीचे लगने लगी है।



महुआ एकत्रित करते ग्रामीण।

**आमदनी का बना जरिया**

जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए महुआ इन दिनों आमदनी का जरिया बना हुआ है। महुआ को बेचकर अपनी जरूरत के सामान खरीदते हैं। सुबह महुआ बीनने के बाद अपने घरों में ले जाकर सुखाते हैं सूखने के बाद बेचकर अपनी जरूरतें पूरी करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों के लिए महुआ आमदनी का अतिरिक्त जरिया बन गया है।

**पूरा परिवार मिलकर बीनते हैं महुआ**

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी मिलकर महुआ बीनने का काम करते हैं। सुबह से ही टोकरी लेकर जंगल की तरफ महुआ बीनने निकल पड़ते हैं और दोपहर तक महुआ बीनते हैं। इन दिनों ज्यादा महुआ बीनने की होड़ ग्रामीणों के बीच लगी रहती है। यहां के जंगलों में महुआ पेड़ की अधिक संख्या में पाया जाता है।

**मजदूर महुआ बीनने लौट आते हैं गांव**

जिले के वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ का पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं। मार्च-अप्रैल के महीने में जमकर महुआ गिरता है जिसे ग्रामीण महुआ बीनने में जुट जाते हैं। हालांकि अप्रैल माह में बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि की वजह से महुआ पर असर पड़ा है। इस मौसम में बाहर मजदूरी करने जाने वाले ग्रामीण भी महुआ के सीजन में वापस गांव लौट आते हैं और महुआ बीनते हैं।

**जंगली जानवरों का भय**

ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ आमदनी का जरिया बना हुआ है परंतु इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि कब हाथी, भालू सहित अन्य जानवर हमला न कर दे। हालांकि वन विभाग ने भी जन हानि न हो इसे लेकर ग्रामीणों को प्रचार प्रसार कर सतर्क करते रहते है। वन विभाग की अधिकारी कर्मचारी अपने स्तर से हर जगह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर जहां कहीं भी हाथी आने की जानकारी लगती है तो तत्काल ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने की सलाह देते है। इधर कभी ग्रामीण गंभीरता से नहीं लेते जिससे भालू या हाथी के हमले से घायल हो जाते है।

# हवा से फैलने वाली बीमारियों से बचाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



हवा के माध्यम से फैलने वाली बीमारियों और इसके बचाव को लेकर शुक्रवार को राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल और इन्फेक्शन प्रिवेंशन पर जानकारी प्रदान की गई।

- एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई कार्यशाला

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में नेशनल ट्यूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम के अंतर्गत माइक्रोबायोलॉजी विभाग और फाइंड इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल और इन्फेक्शन प्रिवेंशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अरुणेश सिंह, प्रभारी अधीक्षक डॉ. जेके रेलवानी के साथ ही क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता शामिल हुए। कार्यशाला में मेडिकल कॉलेज माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, फाइंड इंडिया से डॉ. हिमाद्री भूषण बाल, नर्स प्रिया परीडा ने एयर बोर्न इन्फेक्शन कंट्रोल और इन्फेक्शन प्रिवेंशन पर वार्ड की नर्सिंग इंचार्ज को जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अरविन्द ने बताया कि हवा से फैलने वाले बैक्टीरिया जो सांस के जरिए दूसरे लोगों को प्रभावित करते है इससे बचाव जरूरी है। इनमें टीबी, कोविड, इन्फ्लुएंजा, रायनो वायरस, एचएमपीवी वायरस सहित अन्य रेस्पिरेटरी वाले बैक्टीरिया शामिल है। उन्होंने कहा कि टीबी एक हवा में फैलने वाली बीमारी है और यदि कोई टीबी से संक्रमित मरीज अस्पताल में आता है तो उसके खांसने से अन्य लोग भी संक्रमित हो सकते है। इसलिए इससे बचाव जरूरी है। इससे बचाव के लिए अस्पताल में अलग से एक काउन्टर बनाया गया है जहां सर्दी खांसी वाले मरीज को हेल्प डेस्क की मदद से मास्क उपलब्ध कराया जाएगा। उस मरीज को लम्बी लाइन में लगने की जरूरती नहीं है उसके लिए अलग से एक काउंटर बनाया गया है जहां वह अपनी पर्ची कटवा सकता है। इसके बाद मरीज को समय पर जांच व उपचार सुविधा उपलब्ध करना है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मरीज को वार्ड में भर्ती करने पर उसके खांसने पर हवा से बीमारी दूसरों तक फैलने का खतरा रहता है इसलिए जरुरी है कि वार्ड में हवा के दबाव को नियंत्रित रखा जाए इसके लिए एजॉस्ट फैन के साथ ही एचएवीसी मशीन से वेंटिलेशन को बेहतर बनाया जाता है। वहीं उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु छोटी छोटी बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन के स्टैंडर्ड गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य है और समय समय पर इसका अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

## खबर प्रकाशन के बाद जागा पीडब्ल्यूडी, कराया डामरीकरण

**खबर का असर**

**भैयाथान।** पटना भैयाथान स्टेट हाइवे 12 सड़क की जर्जर को लेकर खबर का प्रकाशन के बाद लोक निर्माण विभाग ने न सिर्फ गंभीरता से संज्ञान लिया बल्कि सड़क डामरीकरण का कार्य शुरू करवा दिया। 4 मई को हरिभूमि ने भैया थान पटना स्टेट हाईवे की आधी अधूरी सड़क बनी लोगों के लिए आफत शीर्षक से क्षेत्रवासियों की परेशानी को उजागर करते हुए खराब सड़क की स्थिति को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग हरकत में आया और डामर की परत बिछाने का काम शुरू किया गया। सड़क के डामरीकरण कार्य शुरू होने से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। लोगों ने कहा कि अगर मीडिया समय पर आवाज न उठाता, तो शायद सड़क की सुध नहीं ली जाती। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से उम्मीद जताई कि आगे भी समय-समय पर सड़कों का रखरखाव किया जाएगा।




हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
ईरफान सिद्धकी
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ (छ.ग.)


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
गीता प्रजापति
पार्षद नगर पलिक निगम
अंबिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
अंकित तिर्की
प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भा.ज.पा. अ.ज.जा. मोर्चा
प्रदेश सचिव - जन जाति गौरव युवा समाज छ.ग.


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई
श्री जमुना अलंकार
पता - सदर रोड अम्बिकापुर
जमुना अलंकार मंदिर
पता- संगम चौक देवीगंज रोड, अम्बिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
आलोक दुबे
पार्षद नगर पालिक निगम
अम्बिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
लक्ष्मी प्रकाश जयसवाल
अध्यक्ष, दिल्ली पब्लिक स्कूल
अम्बिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
एफ. डी. खान
यूनिक कान्वेन्ट हा.से. स्कूल
चांदनी चौक अम्बिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
विकास पाण्डेय
पार्षद नगर पालिक निगम
अम्बिकापुर


हरिभूमि 25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
ओम प्रकाश जायसवाल
भाजपा जिलाध्यक्ष
जिला-बलरामपुर, रामानुजगंज


हरिभूमि
25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
मो. बाबर इदरिसी
पार्षद नगर पलिक निगम
अंबिकापुर


हरिभूमि
25वां स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
अखिलेश सोनी
प्रदेश कार्य
समिति सदस्य भाजपा (छ.ग.)

# हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**धीरेन्द्र सिंह**
डिप्टी रेंजर
महाबीरपुर क्षेत्र



## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**संतोष टोप्पो**
पटवारी
अजिरमा, जिला-सरगुजा (छ.ग.)



## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रामलखन सिंह पैकरा**
प्रदेश महामंत्री
जनजाति गौरव समाज छ.ग.

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं




**बिकानेर स्वीट्स एण्ड बेकर्स**
स्कूल रोड, अम्बिकापुर



## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**उन्मेश तिवारी**
अधिवक्ता/नोटरी
अम्बिकापुर

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**शफी अहमद**
पूर्व अध्यक्ष
श्रम कल्याण मण्डल छ.ग.शासन

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



**अजय सुल्तानिया**
अजय ट्रेडर्स
अग्रसेन मार्ग, अम्बिकापुर

## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

हरिभूमि
उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं पाठकों के विश्वास के
25 वर्ष

**जिला शिक्षा अधिकारी**
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

## हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण 25 वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**जल संसाधन विभाग**
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

11 May Extra Ambikapur-pg 4_Layout 1 5/11/2025 5:34 PM Page 1



# हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



























## हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



















































## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सकलपुर निवासी धनमेत मानिकपुरी गत दिन घर में थी। इसी दौरान देवर का पुत्र नरेश पहुंचा और जमीन विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब महिला ने मना की तो युवक ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख परिवार के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसा बहार निवासी नंदराज आ. रेशमन पैकरा (31 वर्ष) शराब पीने का आदी था। गत दिन शराब के नशे में धुत होकर कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।


## पत्थर मिक्स कोयला भंडारित होने से बढ़ी परेशानी

# कोयला उठाव नहीं होने से केतकी माइंस में उत्पादन कार्य हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड में संचालित केतकी कोयला खदान विगत अपनी वार्षिक लक्ष्य हासिल कर नई वर्ष की नया टारगेट पर उत्पादन कार्य शुरू किया है। लेकिन एसईसीएल कंपनी के अधिकारियों की उदासीनता के कारण डंपिंग यार्ड में क्षमता से अधिक कोयला स्टोर होने के कारण कई दिन से उत्पादन का कार्य प्रभावित रहता है।

कोल इंडिया की पूर्णतः एमडीओ मोड में संचालित होने वाली क्षेत्र के पहली खदान केतकी भूमिगत है। जिसमें उत्पादन तो काफी अच्छी है परंतु बदकिस्मती से पिछले वर्ष पत्थर मिक्स कोयला उत्पादन हुआ था इसके कारण रोड सेल में इस कोयला का खरीददार नहीं मिल रहे थे। ऐसे में एक वर्ष का कोयला डंपिंग यार्ड भंडारित किया गया था उस समय भी कोयला उत्पादन करने में जगह सोर्टेज को लेकर दिक्कत हो रही थी। इसी बीच एसईसीएल कंपनी के डीटी का दौरा हुआ था और केतकी खदान पहुंच वस्तु स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही तत्काल कोयले को पावर सेक्टर भेजने का निर्देश दिए गए जिससे कोयला का उत्पादन जारी रख सके। एसईसीएल प्रबंधन ने तत्काल निविदा क्लियर कर केतकी खदान से लगभग 40 किलोमीटर दूर भटगांव साइडिंग भेजना शुरू किया था और उत्पादन कार्य जोर शोर से शुरू हुआ था। अब इस वर्ष स्लो मौसम में ट्रांसपोर्टिंग कार्य चल रही है जिस कारण कोयला उत्पादन कार्य कई दिनो बाधित रहता है।



डम्पिंग यार्ड में जमा कोयला।

### जगह की समस्या

केतकी खदान में पिछले वर्ष बड़ी मात्रा में पत्थर मिक्स कोयला का उत्पादन हुआ। कोयला को डंपिंग यार्ड में रखा गया लेकिन खरीदार नहीं मिलने से कोयला डंपिंग यार्ड में पड़े हुए है। ऐसे में खबर है डंपिंग यार्ड में अधिक कोयला स्टोर हो जाने के कारण पुनः जगह शार्टेज हो गया है जिससे उत्पादन कार्य प्रभावित हो रही है।

#### भंडारित कोयला की ढेर में लगी आग

खदान से कोयला उत्पादन कर भंडारित किया गया है उस भंडार में लगभग महीने भर से आग लगी हुई है जिससे कोयला अंदर से जलकर खाक हो रही है। हालांकि एक ओर प्रबंधन ने कोयला में लगी आग को बुझा देने की बात कही जबकि दूसरी कोयला से धुआं लगातार निकल रही है ऐसे में कम्पनी को लाखों की चुना लग रहा है।

#### माइंस में नहीं है कोई परेशानी

माइंस में अब कोई परेशानी नहीं है, कोयला का उठाव शुरू हो गया है। कोयला में लगी आग बुझ गई है।

**-यूएन झा**
आरजीके सहक्षेत्र प्रबंधक

# सूने मकान में चोरों का धावा पांच लाख के जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ जाने से लोग परेशान है। आए दिन हो रही चोरी की घटना से अब पुलिस के गश्त पर भी सवाल उठने लगे। गत दिन चोरों ने ग्राम रामानुजनगर सुभाष चौक समीप एक सूने मकान का ताला तोड़ घर में रखे लगभग पांच लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम रामानुजनगर के सुभाष चौक समीप निवासी वैभव माहेश्वरी अपने परिवार के साथ किसी काम के सिलसिले में घर में ताला लगाकर 6 मई की शाम 5 बजे लखनऊ गए थे। आज सुबह करीब 5.30 बजे लखनऊ से वापस लौटे और जैसे ही घर पहुंचे तो पीछे का दरवाजा का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। मकान मालिक ने घर में सामान की जांच की तो पता चला कि सोने चांदी के जेवरात के अलावा लगभग पांच लाख कीमत के अन्य सामान गायब थे। मकान मालिक ने घर में चोरी होने की रिपोर्ट रामानुजनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305,331(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

चोरी से ग्रामीणों में दहशत

वैभव माहेश्वरी का घर सुभाष चौक में स्थित है। साथ ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह का घर भी बगल में है। जहां पर बंगले में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था रहती है बावजूद इसके चोरी की घटनाएं होने से ग्रामीण दहशत में है। इससे कुछ दिन पूर्व भी आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरी हुई थी।

#### सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता

भाजपा नेता सत्यनारायण दुबे ने कहा की रामानुजनगर में आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती है। विभाग को रामानुजनगर स्थित सुभाष चौक, चांदनी चौक, पिवरी चौक और बाजार चौक में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई जानी चाहिए जिससे चोरी की घटनाओं पर नकेल कसी जा सके।

# भास्करपारा कोल ब्लॉक क्षेत्र में प्रभावित ग्रामों की भूमि की खरीदी-बिक्री, बटांकन एवं अंतरण पर प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जारी किया गया आदेश, 932 हेक्टेयर क्षेत्र कोल ब्लॉक के लिए आबंटित

भास्करपारा कोल ब्लॉक आबंटन के बाद सूरजपुर जिले के भैयाथान क्षेत्र के प्रभावित गांवों में जमीन की खरीद बिक्री, बटांकन, अंतरण पर पूर्ण रूप से कलेक्टर ने प्रतिबन्ध लगा दिया है। प्रतिबंध के बाद अब चिन्हांकित क्षेत्र में लोग जमीन की खरीद बिक्री नहीं कर सकेंगे। बता दें कि भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से तहसील भैयाथान के ग्राम बड़सरा, भास्करपारा, खाड़ापारा, दनौलीखुर्द, केवरा, कुरींडीह, कुसमुसी एवं कुधरीपारा धरसेड़ी में कुल 932 हेक्टेयर क्षेत्र कोल ब्लॉक प्रकाश इंडस्ट्रीज को आवंटित किया गया है। जिसके उपरांत इस क्षेत्र में खनिज साधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 30 वर्षों की अवधि के लिए खनिज पट्टा भी स्वीकृत किया गया है।

इसी क्रम मे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिलासपुर के निदेशक भास्करपारा कोल ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रभावित ग्रामों में भूमि संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस परिप्रेक्ष्य में, आवेदक संस्था ने इन ग्रामों में निजी भूमि की खरीदी-बिक्री, बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण, प्रयोजन में परिवर्तन, वन अधिकार पट्टा तथा शासकीय भूमि के अन्य प्रयोजन में उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की मांग राज्य शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देश 14 अक्टूबर 2024 के आधार पर की गई है। जिसके आधार पर कलेक्टर सूरजपुर एस.जयवर्धन द्वारा ग्राम बड़सरा, भास्करपारा, खाड़ापारा, दनौलीखुर्द, केवरा, कुरींडीह एवं कुसमुसी में स्थित भूमि के क्रय विक्रय, बंटवारा की कार्यवाही उनके अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा। भूमि संबंधी गतिविधियों के लिए सचिवालय के भू अर्जन के अधीन भूमि के प्रकरणों के संबंध में जारी निर्देश की कंडिका 1 से 4 में वर्णित निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें एवं भूमि खसरे के कॉलम 12 में आवश्यक प्रविष्टियाँ दर्ज कर कार्रवाई करने हेतु तहसीलदार भैयाथान और अनुविभागीय अधिकारी भैयाथन को निर्देशित किया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के...

पदस्थापना हो गई तो उसने नव पदस्थ सीएमएचओ से भी मामले की शिकायत की थी। इस दौरान उसे आश्वासन दिया गया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। नवपदस्थ सीएमएचओ डॉ. पैकर द्वारा मामले की जांच भी कराई गई लेकिन बाद में बाद में ना कोई कार्रवाई हुई और ना ही राशि का सही भुगतान किया गया। थाना, सीएमएचओ कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो उसने मामले की शिकायत आईजी से की थी। अब इस मामले में आईजी की जांच में बड़े पैमाने पर गडबडी किए जाने और लाखों रूपए के गबन की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पूर्व सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह, लिपिक सहायक जेम्स कुमार बेक, सेवा निवृत्त लेखापाल विजय सिन्हा, फार्मासिस्ट सकिरन दास व दंतेवाड़ा निवासी युनिक इंडिया के संचालक आशीष कुमार बोस द्वारा मिली भगत कर 83 लाख 21 हजार रूपए का गबन किया गया। 5 व 31 जनवरी 2022 को क्रमशः 50 लाख व 32 लाख रूपए का भुगतान किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 120बी, 419, 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच चल रही है।




अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

#### ईश्तहार

**एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बादल दास पिता बैकुण्ठ दास निवासी ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की पुर्नवास से प्राप्त पट्टे की भूमि ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 450/7 रकबा 0.133 हे. मेसे रकबा 0.012 हे. भूमि को अनावेदक राजकुमारी यादव पति प्रदीप यादव निवासी फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रुपये 2,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त सबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21/5/25 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।**

**आज दिनांकः- 20/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।**

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**












हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 25 वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

KARJEE FARMS

**करजी फार्मस**

तीन पीढ़ियों के अनुभव को साझा करते हुए किसानों के लिए ग्राफ्टेड- नॉनग्राफ्टेड नर्सरी उपलब्ध करा रही रही है। महत्वपूर्ण बात यह है कि करजी फार्मस तीन वर्षों में 18 राज्यों के हजारों कृषकों के बीच अपनी विश्वसनीयता साबित कर रही है। उद्देश्य है ग्राफ्टेड की सबसे आधुनिक तकनीक के टमाटर-बैंगन-तरबूज-मिर्च के पौधे किसानों को उपलब्ध कराना



**वितीश गुप्ता, मानसून गुप्ता - संचालक**

अपने दादा श्री ताराचंद गुप्ता जी से खेती के गुर सीखे है एवं देख-रेख, मार्गदर्शन, आशीर्वाद से ओजस्व नर्सरी किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं



- ग्राम करजी एवं सरगवां में लगभग 10 एकड़ में पाली हाऊस-फेनपडे यूनिट में नर्सरी तैयार करते हैं
- सबसे आधुनिक ग्राफ्टिंग यूनिट भी 12 लाख पौधों की क्षमता का करजी फार्म ने बनाया है।
- विगत 3 वर्षों में करजी फार्म ने 20 से भी अधिक किसान सम्मेलन फसल प्रदर्शन - हार्वेस्ट डे - करके
- किसानों को तकनीकी व जानकारी सपंन्न कराने का निरंतर प्रयास किया।

**ग्राफ्टेड तरबूज नर्सरी -** किसानों को पुन: खेती करने की रूचि जगी / बिल्ट प्रभावित क्षेत्र में / बम्फर उत्पादन भी प्राप्त हो रहा है।

**ग्राफ्टेड टमाटर नर्सरी -** वर्ष भर - रोग - प्रतिरोधी क्षमता के लिए सहनशील नर्सरी से किसानों में आर्थिक सम्पन्नता आई। सरगुजा टमाटर उत्पादन में अग्रणी जिलों में शामिल हुआ।

**ग्राफ्टेड बैंगन नर्सरी -** बिल्ट के प्रति सहनशील - उत्पादन में वृद्धि करजी फार्म में 20 से अधिक वैरायटी के ग्राफ्टेड नर्सरी हाजिर स्टॉक में उपलब्ध। देश के टमाटर उत्पादन में अग्रणी राज्य आंध्रप्रदेश में भी करजी फर्म के ग्राफ्टेड नर्सरी किसानों के बीच विश्वास का पर्याय बन चुका है। महाराष्ट्र के नासिक में भी काफी किसान करजी फार्म के पौधों पर विश्वास निरंतर कर रहे हैं।